दिन–बुधवार दिनांक– 15 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के परिणाम पर रोक लगाई।

02. समस्तीपुर जिले के वैनी थाना क्षेत्र स्थित एक एल्युमीनियम फैक्ट्री का बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत। चार मजदूर गंभीर रूप हुए घायल।

03. भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल ने बिहार में अपने नेटवर्क को फोर जी में अपग्रेड किया। थ्री जी सेवा आज से हुई बंद।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों तक ठंड से राहत के आसार नहीं। सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में छाया रहेगा हल्का से घना कुहासा।

————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के परिणाम पर रोक लगा दी है। राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह आदेश सुनाया। मामले की कल भी सुनवाई होगी। गौरतलब है कि सुनील कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल करने के मामले में स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया गया था। इस सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए केवल जदयू से ललन प्रसाद ने नामांकन पत्र भरा है। कल नाम वापसी की अंतिम तिथि है, जिस कारण कल ही उनके निर्विरोध निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा होनी थी।

————————————————————————

समस्तीपुर जिले के वैनी थाना क्षेत्र स्थित एक एल्युमीनियम फैक्ट्री का बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

यह हादसा उस समय हुआ जब फैक्ट्री में काम चल रहा था। कामगारों के अनुसार बॉयलर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाने के चलते यह हादसा हुआ। सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो मजदूर का समस्तीपुर सदर अस्पताल में ही इलाज चल रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा घटना की जांच की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

———————————————————————————

भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल ने बिहार में अपनी थ्री जी सेवा आज से बंद कर दी है। मुख्य प्रबंधक आर के चौधरी ने बताया कि सभी जिलों में फोर जी नेटवर्क अपडेट कर दिया गया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से पुराने सिमकार्ड के बदले नया सिमकार्ड लेने की अपील की है। श्री चौधरी ने कहा कि नये सिमकार्ड के लिए उपभोक्ताओं को कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि अप्रैल महीने में पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में महागठबंधन में शामिल होने का निर्णय लिया जायेगा। श्री पारस ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————————————

एनडीए के घटक दलों का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा और बेतिया से शुरू हुआ। सम्मेलन में सभी पांच घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। साथ ही केन्द्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दुबे और पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल के साथ ही एनडीए के कई अन्य नेताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में घटक दलों की एकजुटता बनाए रखने और समन्वय के साथ अगामी बिहार विधानसभा चुनाव में दो सौ पच्चीस सीट जीतने का संकल्प लिया गया।

———————————————————————————

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ से आरोपी युवक संजय यादव को गिरफ्तार

कर लिया है। आरोपी ने लॉरेन्स विश्नोई गिरोह के नाम पर मंत्री से तीस लाख रुपये रंगदारी मांगी थी। नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी।

---

प्रदेश के छह जिलों में गंगा और कोसी नदी पर पीपा पुल का निर्माण किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि भोजपुर, बक्सर, मधेपुरा, खगड़िया, समस्तीपुर और वैशाली जिले में चार पीपा पुल के निर्माण के लिए लगभग सत्तावन करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि इससे इन नदियों के दोनों ओर बसे सैंकड़ों गावों के लगभग दस लाख लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी और नावों पर इनकी निर्भरता समाप्त हो जाएगी।

---

प्रधानमंत्री गति शक्ति परियोजना के तहत सोनपुर रेलमंडल में तिरेसठ रेल ओवर ब्रिज के निर्माण को मंजूरी मिली है। मंडल के डीआरएम विवेक भूषण सूद ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है और रेलवे के निर्माण विभाग की ओर से प्रस्तावित ओवर ब्रिज की डीपीआर बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि एक रेल ओवर ब्रिज के निर्माण पर लगभग चालीस करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

---

आज सेना दिवस है। आज का दिन भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को समर्पित है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में के.एम. करियप्पा ने भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में पदभार संभाला था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष—सी.डी. एस. जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख ने इस अवसर पर सेना को शुभकामनाएं दी हैं।

---

और अब खबरें महाकुम्भ से —

महाकुंभ 2025 भारत और विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में स्थापित हो गया है। यह दुनिया के लाखों लोगों को आकर्षित करने वाला वैश्विक सांस्कृतिक आयोजन भी बन गया है। मानवता की अमूर्त विरासत के रूप में नामित, महाकुंभ सनातन संस्कृति के सार का प्रतिनिधित्व करता है और इसने दुनिया भर में जिज्ञासा बढाई है। एक रिपोर्ट –

———बाईट———

महाकुंभ 2025 ने दुनियाभर में उत्सुकता जगाई है। विभिन्न महाद्वीपों के लोग सक्रिय रूप से इस भव्य आयोजन के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, इसके महत्व को समझने और इसकी आध्यात्मिक जीवंतता में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। इस वैश्विक जिज्ञासा को पूरा करने के लिए, सरकार ने महाकुंभ 2025 को डिजिटल महाकुंभ के रूप में प्रस्तुत किया है। इस पहल का केंद्रबिंदु आधिकारिक वेबसाइट ानउइी.हवअ.पद है जो महाकुंभ के सभी पहलुओं पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है। इस बार 15 लाख से ज्यादा विदेशी सेलानियों का महाकुंभ में आने का अनुमान है। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले ब्राजील के फ्रांसिस्को ने कहा, भारत दुनिया का आध्यात्मिक ह्रदय है।इस वर्ष, जब करोड़ों लोग त्रिवेणी संगम पर एकत्रित हों रहे हैं तो एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में महाकुंभ मेले का महत्व फिर से स्पष्ट हो गया। यहां प्राचीन अनुष्ठान और आधुनिक आकांक्षाएं जीवन और दिव्यता के उत्सव में एक साथ आती हैं। आनंद कुमार के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभ नगर, प्रयागराज।

————————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और कुहासे की चपेट में है। अधिकांश स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर कम होने से ठंड का एहसास अधिक हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, घने कुहासे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से चल रही हैं। पटना और दरभंगा हवाई अड्डे पर विमान परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

————————————————————————————

इधर, पटना, हाजीपुर और भोजपुर जिला प्रशासन ने ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा आठ तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर अठारह जनवरी तक रोक लगा दी है। इसी तरह मधुबनी और

सीतामढ़ी जिले में सोलह जनवरी तक और दरभंगा तथा भागलपुर जिले में सत्रह जनवरी तक वर्ग आठ तक की कक्षाओं के संचालन पर रोक रहेगी। वहीं, वर्ग आठ से ऊपर की कक्षाओं में पठन–पाठन पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न तीन बजकर तीस मिनट के बीच संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

————————————————————————

ठंड के कारण प्रदेश के अस्पतालों में हृदय रोगियों और ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सुभाष गिरि ने ठंड में उच्च रक्तचाप और मधुमेह के मरीजों को नियमित तौर पर चिकित्सक से जांच करवाने और संतुलित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी है।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर कल सुनवाई होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन की विदाई समारोह के कारण याचिका पर आज सुनवाई नहीं हो सकी।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने अपनी वेबसाइट के पते में परिवर्तन किया है। आयोग की वेबसाइट का नया पता है–बीपीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट आईएन। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह सूचना दी है।

————————————————————————

बांका जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से उत्पाद विभाग की टीम ने आठ लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ सहरसा जिले के सोनबरसा राज थाना क्षेत्र के रजवाड़ा गांव से पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से चार सौ पचास

पैकेट शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के भंगहा थाना क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी की टीम ने एक तस्कर को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

———————————————————————

सुपौल के भीमपुर थाना क्षेत्र में एनएच सत्ताईस पर सड़क हादसे में एक दंपति की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बांका जिले को राज्यभर में पहला स्थान मिला है।

———————————————————————

01. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के परिणाम पर रोक लगाई।
02. समस्तीपुर जिले के वैनी थाना क्षेत्र स्थित एक एल्युमीनियम फैक्ट्री का बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत। चार मजदूर गंभीर रूप हुए घायल।
03. भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल ने बिहार में अपने नेटवर्क को फोर जी में अपग्रेड किया। थ्री जी सेवा आज से हुई बंद।
04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों तक ठंड से राहत के आसार नहीं। सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में छाया रहेगा हल्का से मध्यम कुहासा।

———————————————————————

समाप्त